औद्योगिक यात्रा पर रिपोर्ट

दिनांक: 21 फरवरी 2023

गतिविधि: औद्योगिक दौरा

स्थान : **Padma Polytex -A unit of Raaj Medisafe India Limited,Industrial Area, Maxi Road,Ujjain**

शिक्षक समन्वयक : डॉ. अक्षिता तिवारी

लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग के द्वारा BBA द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यकर्म विषय Foreign Trade-Document and Procedure की जानकारी हेतु दिनांक 21/02/2023 को **Padma Polytex -A unit of Raaj Medisafe India Limited में औद्योगिक दौरा** किया गया। औद्योगिक दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को निर्यात एवं निर्माण के व्यवहारिक कार्य एवं वातावरण के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी देना एवं नई तकनीकों के बारे में जागरूक करना है।

इस भ्रमण का नेतृत्व शिक्षक समन्वयिका वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अक्षिता तिवारी तथा उनका सहयोग संकाय सदस्य डॉ नितिशा तोषनीवाल के द्वारा किया गया। औद्योगिक दौरे में 30 विद्यार्थियों के द्वारा भागीदारी की गई।

Padma Polytex उद्योग के सीईओ श्री राजेश डागा की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट मैनेजर CA अंकिता जैन के द्वार ppt के माध्यम से विधयार्थियों को सर्वप्रथम एक्सपर्ट एवं इम्पोर्ट की प्रक्रिया की जानकारी,फारन ट्रैड हेतु विभिन बेसिक डाक्यमेन्ट जेसे शिपिंग बिल ,बिल ऑफ लैडिंग,पॅकिंग लिस्ट, लेटर ऑफ क्रेडिट, आदि कमर्शियल इन्वाइस ओर रेगुलर डाक्यमेन्ट,क्लीरिग एवं फोरवाड़ीणग एजेंट की नियमों के बारे मे बताया, साथ ही आपने बताया कि पद्मा पॉलीएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, की स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी। यह उच्च ग्रेड और सुरक्षित पॉलीथीन बैग बनाते हैं। ये पॉली बैग फार्मास्युटिकल उत्पादों के भंडारण के लिए सुरक्षित हैं। इसके अलावा, अनुकूलन योग्य उत्पाद होने के कारण, इन पॉली बैगों को विशिष्ट वांछित आकार में उत्पादित किया जा सकता है। आपने बताया की फर्म के द्वारा बांगलादेश,चीन,श्रीलंका आदि स्थानों पर पॉलीथिन बैग का निर्यात किया जाता हे।

विभिन्न जानकारी के पश्चात विधयार्थियों ने पॉलीथिन बेग की निर्माण इकाई मे 3 समूह मे विभाजित कर दौरा कराया गया। स्वच्छता एवं गुणवता को ध्यान मे रखते हुए हर विधयार्थी को केप एवं शूज कवर पहनाकर, पॉली के दानों से शुरू होने वाली प्रक्रिया से पॉली बैग के निर्माण में शामिल विभिन्न चरणों के बारे में जानकारी दी। निर्माण प्रक्रिया मे आधुनिक मशीनों को नियोजित किया गया और स्थानीय श्रम का भी उपयोग किया। यह छात्रों के लिए एक लाभदायक यात्रा थी. यंहा उन्होंने पॉली बेग उत्पाद एवं उत्पादन के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया,साथ ही निर्यात प्रक्रिया एवं इसके अंतरतगत विभिन्न जिज्ञासा पूर्ण प्रश्नों का उचित उत्तर प्राप्त हुआ । यह औद्योगिक दौरा बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं रोमांचित रहा है।

Procedure of Export